प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 01.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– छत्तीसगढ़ राज्य आज अपनी स्थापना की चौबीसवीं वर्षगांठ मना रहा है–मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से स्थापना दिवस के अवसर पर आज अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करने की अपील की है।

2– केन्द्र सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

3– रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं।

4– कल मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार–आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर किया गया गौरा–गौरी का विसर्जन।

..........................................................

राज्य स्थापना दिवस–01

आज छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पोस्ट पर प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि लोक परंपरा और जनजातीय संस्कृति के अद्भुत संगम से सजा यह प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के चौबीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, वंचित वर्ग के लोगों तक उनके अधिकार पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के लक्ष्य को तेजी से हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्थापना दिवस के अवसर पर आज अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करें और दीपोत्सव के साथ स्थापना दिवस मनाएं।

नवा रायपुर अटल नगर के राज्योत्सव मेला ग्राउण्ड में चार से छह नवंबर तक आयोजित होने जा रहे राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह में रायपुर से आयोजन स्थल तक आने–जाने वाले यात्रियों के लिए बीआरटीएस बसों की सुविधा प्रदान की गई है। यह बसें रायपुर से सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक हर आधे घण्टे के अंतराल में चलेंगी।

............................................................

राज्य स्थापना दिवस–02

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पांच नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के हर जिले में सांसद, मंत्री, और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे। मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार–भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इसी प्रकार जांजगीर–चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओ.पी. चौधरी, बलरामपुर–रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सारंगढ़–बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़–गंडई–छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

............................................................

नमो ड्रोन दीदी

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय योजना नमो ड्रोन दीदी के संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक हजार दो सौ इकसठ करोड़ रूपये की इस योजना को स्वीकृति दी थी। इस योजना में महिलाओं के

स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना में चालू वित्त वर्ष और आगामी वित्त वर्ष के लिए चौदह हजार पांच सौ चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है।

दिशा निर्देशों के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति संचालित करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन और उसके उपकरणों की लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा, जिससे वे ड्रोन खरीद सकेंगे। इस सहायता की अधिकतम राशि आठ लाख रूपये है। महिला स्वयं सहायता समूह के किसी एक सदस्य को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कृषि पोषक तत्वों और कीटनाशकों के उपयोग का अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

.............................................................

<u>रेलवे–टिकट आरक्षण</u>

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष इकतीस अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट मिल सकेंगे।

.............................................................

<u>स्पेशल–ट्रेन</u>

रेलवे द्वारा बिलासपुर से हड़पसर पुणे स्टेशन के लिए  बिलासपुर–हडपसर–बिलासपुर स्पेशल ट्रेन एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। यह ट्रेन बिलासपुर से हडपसर के लिए आठ नवंबर को रवाना होगी। वहीं, नौ नवंबर को हडपसर से बिलासपुर के बीच चलेगी।

गौरतलब है कि दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल द्वारा सात हजार से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाई जा रही हैं।

..............................................................

खेल मंत्री–राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दो हजार बाईस–तेईस के लिए आवेदन करें। ये पुरस्कार पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों और संगठनों को विकास तथा समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन क्षेत्रो में स्वास्थ्य, मानवाधिकार प्रोत्साहन, सक्रिय नागरिकता और समुदाय सेवा शामिल है। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। आज से इस महीने की पन्द्रह तारीख तक आवेदन किया जा सकता है।

..............................................................

मुख्यमंत्री–हितग्राही मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके गृहग्राम बगिया स्थित निवास कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को दीपावली का उपहार और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राही तिलासो बाई से दिये और कलश खरीदे। श्रीमती तिलासो को माटी कला बोर्ड की तरफ से इलेक्ट्रिक चाक भी प्रदान किया गया है।

..............................................................

vkilh fookn&vkxtuh

रायपुर जिले के सकरी गांव में बीती रात दो परिवारों के बीच आपसाी विवाद में एक घर में आगजनी की घटना सामने आई है। इस दौरान भीड़ ने घर के बाहर खड़ी कुछ गाड़ियों और अन्य सामानों में तोड़फोड़ भी की। स्थानीय प्रशासन को इस घटना की दे दी गई है। इसके बाद प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और दोनों पक्षों को आपस में समझौता करने को कहा है।

.............................................................

हत्या

राजधानी रायपुर में दिवाली के दिन बीते चौबीस घंटों के दौरान तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। जिले के देवार पारा में नशे में धुत बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर दी। वहीं, अज्ञात लोगों ने एक ड्राइवर की हत्या कर उसके शव को सड़क किनारे फेंक दिया। जबकि एक अन्य घटना में एक बुजर्ग की हत्या कर दी गई।

.............................................................

गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार कल मनाया जाएगा। अब तक लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्यौहार मनाने की परंपरा रही है। लेकिन, इस बार यह त्यौहार लक्ष्मी पूजा के एक दिन बाद मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा के दिन गौ–माता की पूजा की जाती है और उसे भोग अर्पित किया जाता है।

वहीं, प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज गौरी–गौरा का विसर्जन किया गया।

.............................................................

और अब पेश है मौसम का हाल..

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ के बस्तर संभाग के कुछ जिलों में रहेगा।

.............................................................

संक्षिप्त समाचार–

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– दुर्ग जिले के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में घर पर झालर लगाने छत पर चढ़ा एक युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

– कांकेर शहर के सुभाष वार्ड में एक बर्तन दुकान में आग लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड और नगर पालिका की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना में लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया।

– कोरबा जिले की दीपका पुलिस ने एक प्लांट से सीमेंट चोरी करने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक खरीददार को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने चोरों से दो ट्रैक्टर भी जब्त किए हैं।

– कोरबा जिले के रामपुर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पति–पत्नी की काउंसलिंग के दौरान पति ने जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

– सक्ती पुलिस ने जिले में अलग–अलग बारह जगह चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चार चोर और एक खरीददार को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>